## संक्षिप्त

### मनोहर ताराणी सदस्य नियुक्त

**मदनगंज-किशनगढ,**(निस)। नगर परिषद उपसभापति मनोहर ताराणी को भाजपा ओबीसी मोर्चा में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पुनिया के निर्देशन में मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश भडाणा द्वारा जारी नियुक्ति पत्र में वरिष्ठ भाजपा नेता मनोहर ताराणी को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया। ताराणी के मनोयन पर सभापति दिनेश सिंह राठौड, वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश पहाड़िया, मांगीलाल अगरवाल, महेन्द्र पाटनी, हरचंद छणग, पत्रकार ओमप्रकाश नाजवानी, समाजसेवी गिरधारी अमरवाणी, विष्णु मेघानी ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी।

### गिरीश आसनानी सचिव नियुक्त

**अजमेर,** (कासं)। यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष सैय्यद यासिर चिश्ती के द्वारा गिरिश आसनानी को यूथ कांग्रेस अजमेर जिला सचिव नियुक्त किया गया है। गिरिश आसनानी को सचिव नियुक्त किये जाने पर सिन्धी समाज मे खुशी का माहौला है। यूथ कांग्रेस अध्यक्ष सैय्यद यासिर चिश्ती, प्रवक्ता सोना धनवानी, दिनेश के शर्मा, पार्षद शाकिर शाह, डॉक्टर लाल थदानी, गिरधर तेजवानी, नरेश राधानी, मोहन चेलानी, प्रेम सिह गौड, नमन जैन, दीपा पारवानी, विनोद आसनानी मामा अशोक दुलानी, रमेश टिलवानी, वासु चादवानी व कई गणमान्य लोगों ने गिरिश आसनानी को बधाई व शुभकामनाऐ दी।

### चिकित्सा शिविर में 67 रोगियों की जांच

**मदनगंज-किशनगढ,**(निसं)। जय श्री बालाजी स्टोनेक्स की ओर से आयोजित नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में 67 रोगियों की जांच की गई। प्रकाश नारायण, लक्ष्मीनारायण बांगड ने बताया की शिविर में आंखों की जांच के अलावा हड्डी व ब्लड से सम्बंधित बीमारियों के लिए नि:शुल्क परामर्श दिया गया। शिविर में डॉ संदीपा बोहरा, डॉ संजय राठी, डॉ नवल चौधरी, चंद्रशेखर शर्मा, मेगेंद्र शर्मा, सुदीप खोखर ने सेवाएं दी। इस दौरान वेंकटेश बांगड, सुरेश शारदा, निर्मल सोनी, पवन रूणवाल, दीपक मालू, सुशील गंगवाल, रामेश्वर चौधरी, विजय, नाथू, कानसिंह, निखिल सेठिया, ललित धारीवाल, नवरतन, श्यामसुंदर, प्रेमचंद आदि मौजूद रहे।

### अवैध खनन में 15 वाहन जब्त

**भीलवाडा,** (निसं)। जिला कलेक्टर आशीष मोदी के निर्देशन में भीलवाडा जिले में अवैध खनन/निर्गमन/भंडारण के विरुद्ध अभियान में खान विभाग, राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, वन विभाग एवं परिवहन विभाग की संयुक्त कार्यवाही में अभियान के तीसरे व चौथे दिन 15 प्रकरणों में 15 वाहन जब्त किये गये।

रेगिंग रोधी समिति की बैठक आज

अजमेर, 19 मई(कासं)। जेएलएन मेडिकल कॉलेज की रेगिंग रोधी समिति की बैठक प्रधानाचार्य डॉ. वी.बी. सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को सुबह 11 बजे कॉलेज के सेमीनार हॉल में आयोजित होगी। इसमें नए एमबीबीएस सत्रा 2021-22 के दौरान विधि विरूद्ध रेगिंग को रोकने के सम्बन्ध में कार्य योजना बनाई जाएगी।

### बिजली चोरों पर जुर्माना लगाया

**नसीराबाद,** (निसं)। प्रबन्ध निदेशक अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के निर्देशानुसार नसीराबाद उपखण्ड से सम्बंधित ग्राम राजोसी में सहायक अभियंता जितेंद्र यादव दुवारा विधुत चोरी करने वालो पर औचक जाँच कर दबीश दी गयी। इसमे इब्राहिम खान पुत्र जाफरु खान, सूबात पुत्र शमी मोहम्मद, मुबारक खान पुत्र मीदु खान को विधुत चोरी करते हुए पाए गए जिनपर लगभग 1 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया साथ ही सहायक अभियंता जितेन्द्र यादव द्वारा बताया गया कि विद्युत चोरी करने वालो पर लगाम लगाने हेतु अब नसीराबाद उपखण्ड के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में नियमित जाँच कर कार्यवाही की जाएगी।

### पटेल उद्यान में योग शिविर लगाया

**नसीराबाद,** (निसं)। नसीराबाद छावनी परिषद ने पटेल उद्यान में गुरुवार को योग शिविर आयोजित किया गया। इसमें योग गुरु द्वारा खुर्शीद अहमद ने उद्यान में आने वाले सैकड़ों महिला व पुरुषों को विभिन्न योगासन के साथ योगी क्रियाएं बताई साथ ही प्राणायाम करने के लाभ भी बताए गए और आमजन को रोजाना व्यायाम करने के लिए प्रेरित किया गया।

# डीडवाना में पेयजल समस्या को लेकर दर्जनों महिलाओं ने मटका रैली निकाली

- स्थानीय प्रशासन व जलदाय विभाग के खिलाफ की नारेबाजी
- ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल समस्या के समाधान की मांग



दर्जनों महिलाओं ने उपखंड अधिकारी कार्यालय के सामने मटके फोड़कर जोरदार प्रदर्शन किया।

**डीडवाना,** (निसं)। उपखंड क्षेत्र में व्याप्त पेयजल समस्या को लेकर अखिल भारतीय किसान सभा की ओर से एसडीएम कार्यालय के बाहर दिया जा रहा धरना और आमरण अनशन तीसरे दिन भी जारी रहा। किसान नेता भागीरथ यादव व जगदीश गोदारा आमरण अनशन पर बैठे रहे।

इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंची दर्जनों महिलाओं ने शहर में मटका रैली निकालकर विरोध जताया। साथ ही उपखंड अधिकारी कार्यालय के सामने मटके फोडकर जोरदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर महिलाओं ने राज्य सरकार, स्थानीय प्रशासन और जलदाय विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और पेयजल सप्लाई व्यवस्था में सुधार की मांग की।

इस दौरान किसान सभा के जिला उपाध्यक्ष भागीरथ यादव ने आरोप लगाया कि गांवों में भीषण पेयजल संकट है। ग्रामीणों को कई कई दिनों तक पानी नही मिल पा रहा है। सरकार गांव के प्रत्येक घर तक इंदिरा गांधी नहर का पानी पहुंचाने का दावा कर रही है। जबकि हकीकत इसके उलट है। आज भी 40 से अधिक लोगों को नहरी योजना के कनेक्शन नहीं मिल सके हैं और भीषण गर्मी के इस दौर में भी उन्हें पेयजल संकट से जूझना पड रहा है। ग्रामीणों को मजबूरन टैंकर मंगवाने पड रहे हैं।

उन्होंने इस बात पर रोष जताया है कि पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा की मांग को लेकर पिछले 3 दिनों से किसान नेता अनशन कर रहे हैं लेकिन अब तक प्रशासन ने उनसे कोई वार्ता नहीं की है जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

# किसान का राजस्व रिकॉर्ड में तीन दशक बाद नाम दुरुस्त हुआ



मांडलगढ़ के धामनिया पंचायत में फॉलोअप शिविर में पट्टा वितरण किया गया।

**मांडलगढ,** (निसं)। मांडलगढ उपखण्ड के धामनिया ग्राम पंचायत मुख्यालय पर प्रशासन गांवों के संग अभियान का फॉलोअप शिविर आयोजित किया गया। इसमें क्षेत्र के चार ग्राम पंचायतों के कामकाज निबटाए गए।

धामनिया गाँव में आयोजित शिविर में पंचायत राज, राजस्व, पेंशन, पालनहार, शिक्षा, चिकित्सा, बिजली, जलदाय, कृषि सहित18 विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। शिविर में आने वाले ग्रामीणों के नियमानुसार आवेदन पर हाथों हाथ निस्तारण किया गया। शिविर में बंजारा व कालबेलिया समाज के लिए आबादी विस्तार हेतु भूमि आवंटन के लिए हाथों हाथ दस्तावेज तैयार किये गए ओर आवंटन की प्रक्रिया शुरू की गई। शिविर में किसान राजेन्द्र कुमार मारू के खतेदारी भूमि के प्रकरण का निस्तारण किया गया और किसान लक्ष्मी लाल जोशी के नाम का तीन दशक बाद शुद्धिकरण कर लक्ष्मीलाल शर्मा राजस्व रिकॉर्ड में दुरुस्त किया। राजस्व रिकॉर्ड में सांवरा से सोनू बैरवा नाम शुद्धिकरण किया गया। गीता पत्नि नाथू तेली, गीता पत्नी राम लाल बैरवा को हाथों हाथ पालनहार योजना से लाभान्वित किया गया। शिविर में प्रभारी एवं एसडीएम सीमा तिवाडी, माण्डलगढ पूर्व विधायक विवेक धाकड, प्रधान सतीश चंद्र जोशी, विकास अधिकारी मुकेश जैमन, तहसीलदार नारायण शर्मा, लक्ष्मण लाल मीणा, सरपंच दाखी देवी, पंचायत समिति सदस्य जितेंद्र कुमार मूंदडा, सरपंच प्रेम देवी जाट, भैरु लाल गुर्जर,उपसरपंच भवानी शंकर शर्मा, काछोला सरपंच प्रह्लाद नट आदि ने लाभार्थियों को आवश्यक दस्तावेज प्राप्त कर निस्तारण किया। शिविर में अतिथियों ने आवासीय मकानों के पट्टे व राजस्व रिकॉर्ड शुद्धिकरण दस्तावेज लाभार्थियों को वितरण किए।

# 2.56 लाख किसानों के बिजली बिल आए शून्य

- अप्रैल व मई माह में किसानों को मिली 91.22 करोड़ की सब्सिडी

**अजमेर,** (कासं)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा किसानों को राहत देने के लिए शुरू की गई मुख्यमंत्री किसान मित्र ऊर्जा योजना के तहत अजमेर डिस्कॉम क्षेत्र के 2.56 लाख किसानों के बिजली बिल शून्य आए हैं। राज्य सरकार ने अप्रैल और मई महीने की बिलिंग में किसानों को 91.22 करोड़ रूपए की सब्सिडी दी है।

डिस्कॉम के प्रबन्ध निदेशक एनएस निर्वाण ने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पिछले साल किसान मित्र ऊर्जा योजना की शुरूआत की थी। योजना के तहत सामान्य श्रेणी ग्रामीण मीटर्ड एवं फ्लैट रेट कृषि उपभोक्ताओं को कृषि बिजली बिल में एक हजार रुपए प्रतिमाह व अधिकतम 12 हजार रुपए प्रतिवर्ष का अतिरिक्त अनुदान राज्य सरकार द्वारा दिया जाएगा। इस योजना के तहत अप्रैल व मई माह में 91.22 करोड़ रुपयों का अनुदान राज्य सरकार द्वारा किसानों को दिया गया। इस योजना के तहत अजमेर डिस्कॉम क्षेत्र के 4.70 लाख किसान अप्रैल व मई माह के दौरान लाभान्वित हुए है। डिस्कॉम क्षेत्र के 2.56 लाख किसानों के बिजली के बिल शून्य आए है। निर्वाण ने बताया कि मुख्यमंत्री किसान मित्र ऊर्जा योजना के तहत सामान्य श्रेणी ग्रामीण ब्लॉक ओवर सप्लाई के मीटर्ड एवं फ्लैट रेट श्रेणी कृषि उपभोक्ताओं को वर्तमान में दिए जा रहे टैरिफ अनुदान के अतिरिक्त एक हजार रुपए प्रतिमाह का अनुदान अधिकतम 12 हजार रुपए प्रतिवर्ष विद्युत विपत्र में समायोजन के माध्यम से दिया जा रहा है।

निर्वाण ने सभी पात्र उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि सभी बिजली का बिल समय पर भरते रहे जिससे आपको लाभ मिल सके। उन्होंने आम उपभोक्ताओं से भी अपील कि की आप सभी अपना बिल समय पर जमा करवाएं।

# विद्युत आपूर्ति रहेगी प्रभावित

**ब्यावर,** (निसं)। बिजयनगर रोड़ 11 केवी फीडर का आवश्यक मरम्मत कार्य होने के कारण शुक्रवार को प्रात: 7 से 10 बजे तक विद्युत आपूर्ति बन्द रहेगी। इसके कारण सेंदरिया, सुरेशनगर द्वितीय, मास्टर कोलोनी, पार्श्वनाथ कोलोनी, बिजयनगर रोड, सन्तोषी माता मन्दिर के पीछे वाली कोलोनीयों के एरिया से सम्बधित क्षेत्रा की विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी। यह जानकारी अजमेर विद्युत वितरण निगम के सहायक अभियंता ने दी।

## दुष्कर्म मामले में सौंपा ज्ञापन

**भीलवाडा,** (निसं)। मांडलगढ थाना क्षेत्र मेंएक बुजुर्ग दुकानदार द्वारा बालिका से दुष्कर्म मामले में वाल्मीकि समाज ने चार सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि बुजुर्ग दुकानदार ने बालिका से दुष्कर्म किया है। इससे बालिका का जीवन बर्बाद हो गया है। ज्ञापन में दुष्कर्म के आरोपी को फांसी या आजीवन कारावास की सजा देने, मुआवजे के रूप में बालिका के परिजनों को 20 लाख रुपए, परिवार के एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी और बालिका के परिवार की सुरक्षा करने की मांग की गई है। ज्ञापन देते समय वार्ड 27 के पार्षद श्यामलाल मल्होत्रा सहित वाल्मीकि समाज के लोग मौजूद थे।

# तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर खाई में गिरी

- एक की मौत, दो गम्भीर घायल



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कार को क्रेन की सहायता से हटाया गया।

**मांडलगढ,** (निसं)। मांडलगढ-भीलवाडा एनएच सडक मार्ग पर गुरुवार सुबह भीलवाडा की ओर तेज रफ्तार से जा रही कार अनियंत्रित होकर खाई में गिरी गई। हादसे में एक की मौत हो गई तथा दो जने गंभीर घायल हो गए।

बीगोद थाना पुलिस के अनुसार बीगोद से आगे भीलवाडा की ओर तेज रफ्तार जा रही एक कार चावंड माता मंदिर के नजदीक अनियंत्रित होकर खाई में गिरी खाई में गिर गई। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि कार पहले एक पुलिया के पिलर से टकराई ओर 20 फिट ऊपर हवा में उछलने के बाद खाई में गिर पडी। कार में सवार तीन जने राजू पिता तलिया राम, कमला पत्नी बरदा रेगर, वरदा पिता छोटू रेगर निवासी पिपलुन्द थाना जहाजपुर गंभीर घायल हो गए। हादसे की सूचना पर बीगोद थाना पुलिस मौके पर पहुंची। गंभीर घायलों को उपचार के लिए बीगोद के सामुदायिक चिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सक ने बरदा पिता छोटू रेगर उम्र 50 वर्ष को मृत घोषित किया। दो अन्य की हालत गंभीर होने पर उपचार के लिए भीलवाडा जिला चिकित्सालय में रेफर किया गया। पुलिस ने मृतक के शव को मांडलगढ चिकित्सालय की मोर्चरी में रखा कर परिजनों को सूचित किया और पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सुपुर्द किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

# जिला जन अभाव अभियोग एवं सतर्कता समिति की बैठक सम्पन्न

**नागौर,** (निसं)। जिला कलेक्टर पीयूष समारिया की अध्यक्षता में गुरुवार को भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र में जिला जन अभाव एवं सतर्कता समिति की मासिक बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले के समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुडे।

जिला सतर्कता समिति की बैठक में जिला कलेक्टर पीयूष समारिया ने विभिन्न लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कार्यवाही में प्रगति लाने व निस्तारण के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर समारिया

- आमजन की परिवेदनाओं का निस्तारण हुआ

ने कहा कि समस्त अधिकारी अपने विभाग व क्षेत्र से जुडी हुई आमजन की परिवेदनाओं का त्वरित निस्तारण करें। उन्होंने विभिन्न लंबित प्रकरणों में जिला स्तरीय अधिकारियों को सम्बंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया।

बैठक में मौजूद खींवसर विधायक नारायण बेनीवाल ने अधिकारियों को संवेदनशीलता का परिचय देते हुए हर पात्र को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलवाने व सतर्कता समिति की बैठक से परिवेदनाओं का निस्तारण कर आमजन को अधिकाधिक लाभान्वित करने की बात कही।



कलेक्टर पीयूष समारिया ने लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर कार्यवाही में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

जिला जन अभाव अभियोग एवं सतर्कता समिति की इस बैठक में जिला कलेक्टर ने अतिक्रमण हटाने,सामान्य मृत्यु सहायता राशि दिलाने,पत्थर गढी करवाने,अवैध निर्माण,मृत्यु प्रमाण पत्र, विद्युत चोरी की जांच, छात्रवृति का भुगतान, सीमाज्ञान, श्रमिक डायरी के आवेदन सहित विभिन्न प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में नगरपरिषद सभापति मीतू बोथरा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर मोहन लाल खटनावलिया, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हीरालाल मीणा,एएसपी राजेश मीणा, डीएफओ ज्ञानचंद मकवाना, उपखण्ड अधिकारी सुनील पंवार, सीएमएचओ मेहराम महिया, पीएचइडी एसई हिमांशु गोविल, विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता जीएस मीणा सहित जिला स्तरीय उपस्थित थे।

## कुकर्मी अंतिम सांस तक रहेगा जेल में

**मदनगंज-किशनगढ,** (निसं)। अदालत ने करीब दो साल पहले नाबालिग बालक को छत पर ले जाकर दुष्कर्म करने वाले को अंतिम सांस तक जेल में रखने का आदेश दिया है। अजमेर पॉक्सो कोर्ट ने नाबालिग बालक से कुकर्म के दो साल पुराने मामले में फैसला सुनाया है। कोर्ट ने आरोपी को अंतिम सांस तक आजीवन कारावास व 37 हजार का आर्थिक दंड लगाया है। आरोपी पडोसी नाबालिग को बहला फुसला कर छत पर ले गया और दुष्कर्म किया। विशिष्ट लोक अभियोजक रूपेन्द्र परिहार ने बताया कि 29 अप्रैल 2020 को किशनगढ़ सिटी थाना में नाबालिग बालक के साथ कुकर्म का मामला दर्ज हुआ। मामले में आरोपी पडोसी नाबालिग को बहला फुसलाकर छत पर ले गया और उसके साथ कुकर्म किया। करीब चार पांच घंटे तक नाबालिग नहीं मिला तो परिजनों द्वारा तलाश करने पर नाबालिग छत पर मिला। इसके बाद पीड़ित के परिवार ने किशनगढ़ थाने में मामला दर्ज कराया। सुनवाई के दौरान 18 दस्तावेज और 10 गवाह पेश किए गए। जिसके आधार पर कोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए आरोपी को दोषी माना और उसे आजीवन कारावास के साथ 37 हजार का आर्थिक दंड से दंडित किया। न्यायाधीश बी. एल. जाट ने फैसले में लिखा कि आरोपी ने अत्यन्त घृणित कार्य किया है।

## सार-समाचार

### दम्पति ने देहदान का संकल्प लिया



**ब्यावर,** (निसं)। नृसिंह गली निवासी शहर के विशिष्ठ समाज सेवी मिलाप-चन्द्र बुरड (88) ने अपनी पत्नी प्रेम कुंवर वुरड (75) ने अपनी सकारात्मक सोच के साथ देहदान का संकल्प दृष्टि सेवा संस्थान के अध्यक्ष एस.एन.शर्मा की उपस्थिति में लिया। मिलाप-चन्द बुरड शहर कई समाज सेवी संगठनों से जुडे रहकर अनेकों संस्थानों के संस्थापक सदस्य, डाइरेक्टर व अध्यक्ष रह चुके हैं। इस अवसर पर बुरड ने कहा की हमारा शरीर पंच तत्वों से निर्मित है। शरीर जब आत्मा से अलग हो जाता है तो इसको जलाकर या अन्य विधियों से नष्ट कर दिया जाता है। यदि इसी शरीर को देहदान के माध्यम से मेडिकल कालेज के अध्ययन के लिए भेज देवे तो सार्थक उपयोग हो सकता है। इस मौके पर परिवार जन मोहित बुरड, आयुश बुरड कमलेश मेहता, विधि बुरड, सुनील जिन्दल, जगदीश प्रसाद अजमेरा, रामेश्वर प्रसाद वर्मा, मुकेश शर्मा आदि मौजूद थे। शीघ्र ही इनका देहदान संकल्प पत्र मेडिकल कालेज भेज दिया जाएगा।

### दो अभ्यर्थी स्टेनोग्राफर पद पर चयन



**मदनगंज-किशनगढ़,**(निस)। कैरियर काउंसलर मधु मैम के दिशा निर्देशन में दो अभ्यर्थियों महिमा दाधीच व रोहित साहू का स्टेनोग्राफर हिंदी के पद पर सरकारी नौकरी में चयन हुआ है। पुराने बस स्टैंड के पीछे स्काई कैरियर क्लासेस से जुडी शिक्षाविद व कैरियर काउंसलर मधु गोयल के मार्गदर्शन में कर्मचारी चयन बोर्ड जयपुर द्वारा ली गई स्टेनोग्राफर परीक्षा-18 के फाइनल रिजल्ट में शिवाजीनगर निवासी महिमा दाधीच व किशनगढ शहर निवासी रोहित साहू का हिंदी स्टेनोग्राफर के सरकारी पद पर चयन हुआ। इनको जून माह तक कर्मचारी चयन आयोग जयपुर द्वारा नियुक्ति मिल जाएगी। अग्रवाल कन्या पाठशाला समिति के श्रवण कुमार अग्रवाल, मांगीलाल अग्रवाल, विजय कुमार गोयल, प्रो. एस.के. बंसल, श्रीगोपाल गोयल व अग्रवाल समाज अध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल महामंत्री प्रदीप अग्रवाल ने हर्ष व्यक्त किया।

### वॉलीबॉल प्रतियोगिता में गुलाबपुरा टीम विजय

**बिजयनगर,** (निसं)। शारीरिक शिक्षक स्वर्गीय गिरधर सिंह राठौड़ एवं शारीरिक स्वर्गीय जय सिंह अरोड़ा वॉलीबॉल कोच की स्मृति में एक दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजक सचिव धनराज कावडिया ने एक दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए बताया कि राजकीय नारायण उच्च माध्यमिक विद्यालय खेल मैदान में आयोजित प्रतियोगिता में श्री सीमेंट ब्यावर, जालिया द्वित्तीय, गुलाबपुरा एवं बिजयनगर की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता लीग सिस्टम से खेली गई। आयोजित प्रतियोगिता में गुलाबपुरा टीम विजेता एवं श्री सीमेंट को उप विजेता तिसरे स्थान पर बिजयनगर एवं चौथे स्थान पर जालियां द्वितीय की टीम रही। प्रतियोगिता शुभारंभ दिवंगत शारीरिक शिक्षक स्वर्गीय गिरधर सिंह एवं स्वर्गीय जय सिंह अरोड़ा के चित्र के समक्ष समाजसेवी ज्ञान चंद सिंघवी, घनश्याम मीणा पुलिस एस आई, एवं अधिशासी अधिकारी विकास कुमावत ने दीप प्रज्वलित कर किया। दूधिया रोशनी में प्रतियोगिता के अंतिम मैच खेले गए जिसमें मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हगामी लाल मेवाड़ा, अमर सिंह के द्वारा किया गया एवं पारितोषिक वितरण किया। कविता अरोड़ा संजीवनी कॉलेज के डायरेक्टर मीना शर्मा एवं सत्यनारायण अग्रवाल, सुरेंद्र सिंह भाटी,सत्यनारायण राठी, रमेश गट्टानी, सुरेंद्र शर्मा पंडित, सुनील सोमानी, रविंद्र कच्छावा, शिवराज महेश्वरी, शिव सिंह राठौड़, रणवीर सिंह टीपू, हनुमान जांगिड़, रामदयाल जाट, दशरथ पुरी उपस्थित थे। प्रतियोगिता के संयोजक भवानी सिंह राठौड़ ने सभी खिलाडियों अतिथियों एवं वॉलीबॉल प्रेमियों का आभार व्यक्त किया।

### बस स्टैंड पर गंदगी से आमजन परेशान

**डीडवाना,** (निसं)। मुख्य बस स्टैंड के नजदीक भारी गंदगी की वजह से स्थानीय लोगों को भारी परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शिकायतों के बावजूद नगरपालिका से सुनवाई नहीं हो रही है। डीडवाना मुख्य बस स्टैंड और जबरेश्वर बालाजी बस स्टैंड के बीच भीड भाड वाले क्षेत्र में दिनभर पडी रहने वाली गंदगी की वजह से आमजन परेशान हैं। दिनभर यहां हजारों लोगों का आवागमन रहता है। सैंकडों की संख्या में यहां से रोडवेज बसें निकलती हैं और दिनभर में हजारों की संख्या में निजी वाहन यहाँ से निकलते हैं साथ ही अजमेर, जयपुर, सीकर,दिल्ली की तरफ जाने वाले सभी वाहनों के लिए यह मुख्य मार्ग है। इतना महत्वपूर्ण मार्ग होने के बावजूद नगरपालिका द्वारा यहां कचरापात्र तक नहीं रखा हुआ है। दूसरी तरफ नगरपालिका के कर्मचारी भी यहां नियमित सफाई नहीं करते। स्थानीय लोगों के अनुसार इसकी शिकायत कई बार नगरपालिका में की जा चुकी है लेकिन नगरपालिका में किसी प्रकार की सुनवाई नहीं हो रही है। नगरपालिका क्षेत्र में लंबे समय से सफाई व्यवस्थाएं बदहाल है। ना तो प्रशासनिक अधिकारी इस पर ध्यान दे रहे हैं और ना ही कर्मचारी ढंग से काम कर रहे हैं।

### शिविर में प्रकरण निस्तारित किये

**कुचामन सिटी,** (निसं)। प्रशासन शहरों के संग अभियान-2021 अन्तर्गत द्वितीय चरण में नेहरू उद्यान परिसर, नगरपरिषद, कुचामन सिटी में वार्ड नंबर 6 से 10 तक के लिए शिविर का आयोजन किया गया। इसमें कृषि भूमि के 14 पट्टे, 69 क अन्तर्गत 06 पट्टे, नामान्तरण के 05 प्रकरण निस्तारित किये गये। इसके अतिरिक्त 31 जन्म-मृत्यु प्रकरण निस्तारित किये गय। इस प्रकार पालिका में लगभग 8.25 लाख रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ। शिविर में आयुक्त श्रवणराम चौधरी, उपसभापति हेमराज चांवला, सम्बन्धित वार्ड पार्षद फारूख कलाल, सुरेश सिखवाल, मानसिंह, शाहरूख, बसो बानो, श्यामलाल बागड़ा, फूलचन्द, इमरान खान, मनोनीत पार्षद दीनदयाल कुमावत एवं अन्य पार्षदगण व शिविर प्रभारी श्री राजेन्द्र रेवाड, कनिष्ठ लेखाकार के साथ सहायक अभियन्ता श्री ललित गुप्ता, पालिका कार्मिक रफीक अहमद, महेश कुमार, कनवरलाल, महावीरप्रसाद कुमावत, अक्षय प्रजापति, पवन शर्मा, आशिष दाधीच आदि उपस्थित रहे।

### घटिया सामग्री की भेंट चढ़ी सड़क

**डीडवाना,** (निसं)। शहर के अनेक क्षेत्रों में नगरपालिका की ओर से निर्मित सडकें घटिया निर्माण की भेंट चढ गई है। यह सड़कें निर्माण के कुछ ही समय बाद जर्जर ओर क्षतिग्रस्त हो रही है। डीडवाना के चुंगी नाका के समीप स्थित सामुदायिक भवन से सालासर रोड तक जाने वाली सीसी सडक भी अपने निर्माण के कुछ समय बाद ही घटिया निर्माण से जर्जर हो चुकी है। समूची सडक अनेक स्थानों से क्षतिग्रस्त हो गई है। सडक पर जगह जगह गड्ढे बन गए हैं। पूरी सडक से कंक्रीट पत्थर ओर कंकर निकलकर फैल गए हैं। इससे जहां वाहन चालको को असुविधा हो रही है वहीं उनके वाहनों को भी नुकसान पहुंच रहा है। भाजपा के श्याम प्रताप सिंह राठौड का कहना है कि नगरपालिका में कांग्रेस का बोर्ड जब से बना है, भ्रष्ट्राचार चर्म सीमा पार कर चुका है। ऐसे में राठौड ने पूरी नगरपालिका में पिछले 3 वर्षों में हुए सभी कार्यो की और निविदा टेंडरों की जांच कराने की भी मांग रखी है।